यह निरीक्षण प्रतिवेदन **कार्यालय, जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कार्यालय, जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत** के माह 03.2014 से 05.2018 तक के लेखा-अभिलेखों की लेखापरीक्षा पर आधारित निरीक्षण प्रतिवेदन श्री पवन कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, तथा श्री अनुज कुमार सिंघल, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी (त.) द्वारा दिनांक 23.06.2018 से 27.06.2018 तक श्री पुष्कर, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पूर्ण पर्यवेक्षण में सम्पादित की गयी।

## <u>भाग</u>-I

**1). परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री प्रभाकर दुबे, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री रविशंकर, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 13.03.14 से 15.03.14 तक श्री राकेश कुमार, लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित की गयी थी। जिसमें माह 11/2003 से 02/2014 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 03/2014 से 05/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

**2). (i). इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः** इकाई के अधीन कैरियर काउन्सलिंग, रोजगार मेले, स्वत: रोजगार, पंजीयन एवं विभागीय योजनायों के क्रियान्वयन हेतु तहसील चम्पावत का समस्त भौगोलिक अधिकार क्षेत्र आता है।

**ii). (अ). विगत वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः**

**(रु लाख में)**

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक अवशेष | | स्थापना | | गैर स्थापना | | आधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थापना | गैर-स्थापना | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | | |
| 1 | 2015-16 | शून्य | शून्य | 12.87 | 12.87 | 2.67 | 1.90 | - | 0.77 |
| 2 | 2016-17 | शून्य | शून्य | 17.32 | 10.96 | 5.08 | 3.02 | - | 8.42 |
| 3 | 2017-18 | शून्य | शून्य | 21.08 | 20.93 | 3.64 | 1.56 | - | 2.23 |

**(ब)**. Autonomous Bodies की इकाइयों के विगत तीन वर्षो में बजट आवंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैं:

**लागू नही**

**(स). केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत है:**

**(रु लाख में)**

| **वर्ष** | **योजना का नाम** | **प्रारम्भिक अवशेष** | **आवंटित धनराशि** | **व्यय धनराशि** | **अधिक्य(+)/ बचत(-)** | **ब्याज** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2016-17 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2017-18 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**iii).** इकाई को बजट आवंटन राज्य योजना अनुदान संख्या 16 के अंतर्गत, निदेशालय सेवायोजन, हल्द्वानी द्वारा किया जाता है। गैर-स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई 'C' श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत है:-

a). प्रमुख सचिव, सेवायोजन, उत्तराखंड, देहरादून

b). निदेशक, सेवायोजन, हल्द्वानी

c). उप निदेशक, सेवायोजन, हल्द्वानी

d). जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत

**iv). लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधि:** वर्तमान लेखापरीक्षा 03.2014 से 05.2018 तक की अवधि को आच्छादित करते हुए **कार्यालय, जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत** के लेखा-अभिलेखों की नमूना जांच के आधार पर की गयी । यह निरीक्षण प्रतिवेदन **कार्यालय, जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत** की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षो पर आधारित है। माह 03.2014 एवं 03.2017 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया । प्रतिचयन अधिकतम व्यय के आधार पर किया गया।

**v).** लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद- 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी.पी.सी. एक्ट, 1971) की धारा 13; लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

## STAN

### प्रस्तर-1:- अनियमित व्यय रु 1.23 लाख का प्रकरण पाया जाना।

Uttrakhand Budget Manual 2012, Para93: Responsibility of disbursing officer is to keep the expenditure under a particular unit of appropriation within the sum allotted to him under that unit, and where this is not possible, to meet the excess by effecting saving in the sum allotted to him under other units through re-appropriation.

कार्यालय जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत की लेखापरीक्षा मे उक्त इकाई के अंतर्गत रखरखाव किए गए आकस्मिक पंजिका की जांच मे कई सामग्रियों के व्यय संगतमानक मदों के अनुसार नही पाया गया जिसके विवरण निम्नवत थे :-

| क्र. स. | सामाग्री एवं भुगतान तिथि | असंगत मद जिसके अंतर्गत व्यय किया गया | संगत मद जिसके अंतर्गत व्यय किया जाना था | व्यय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जीरोक्स एंड कम्प्यूट्स (27.02.15) | लेखन सामाग्री | 46- computer hardware/ software | 27800 |
| 2 | फोटो स्टेट एवं स्टेशनर्स (23.02.16) | कार्यालय व्यय | 11- लेखन सामाग्री एवं फार्मो की छपाई | 3990 |
| 3 | ऑफसेट प्रिंटर (23.02.16) | तदैव | तदैव | 5000 |
| 4 | सिद्दकी आर्ट सर्विस (23.02.16) | अनुरक्षण | 08- office expenditure | 2350 |
| 5 | फोटो स्टेट एवं स्टेशनर्स (23.02.16) | तदैव | 11- staitionery | 3450 |
| 6 | सौरभ एलेक्ट्रिकल्स (18.01.18) | अनुरक्षण | 08- office expenditure | 5000 |
| 7 | विद्धुत बिल (19.03.18) | टेलीफोन | 09- electricity | 4131 |
| 8 | उपनल कर्मचारी मानदेय-01/2014. (19.05.14) | कार्यालय व्यय | 16- professional services | 11188 |
| 9 | भारत संचार निगम (27.02.15) | लेखन सामाग्री | 13- telephone | 1981 |
| 10 | उपनल कर्मचारी मानदेय-02/2014 (19.05.14) | कार्यालय व्यय | 16- professional services | 11188 |
| 11 | ज्योति ऑफसेट प्रिंटर (21.03.14) | अन्य व्यय | 11- लेखन सामाग्री एवं फार्मो की छपाई | 4598 |
| 12 | ज्योति ऑफसेट प्रिंटर (29.03.14) | तदैव | तदैव | 12350 |
| 13 | मै॰ विजय कुमार फर्नीचर (27.02.15) | लेखन सामाग्री | 12- Office Furniture | 29980 |
| | | | **कुल योग** | **रु 1.23 लाख** |

उपर्युक्त सामग्रियों के व्यय  हेतु उनके प्रकृति के अनुसार उत्तराखण्ड शासन द्वारा सामग्रियों का वर्गीकारण प्रथक प्रथक मानक मदों के अंतर्गत निर्धारण पाया गया, परन्तु उनका अनुपालन किए बिना संचालित मदों के अनुरूप व्यय किया जाना नही पाया गया।

इस संबंध मे पूछे जाने पर इकाई द्वारा उत्तर दिया गया कि बजट की कमी होने के कारण अन्य मदों मे उपलब्ध धनराशि कार्यालय संचालन की नितांत आवश्यकता को देखते हुए आहरित की गयी।

इकाई का उत्तर संतोषजनक नही पाया गया, असंगत मदों से व्यय की पुनरावृति निरंतर वर्षो मे पाया जाना वित्तीय नियमो का उल्लंघन था जिसके लिए व्यय के पूर्व नियमतः सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की जानी थी जिसका अनुपालन लेखापरीक्षा मे नही पाया गया।

**अतः प्रकरण प्रकाश मे लाया जाता है।**

# भाग-III

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:-**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या | भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या | STAN | TAN |
|---|---|---|---|---|
| 195/2013-14 | - | 1 | - | - |

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 195/2013-14 | (ब) प्रस्तर-1 | | | इकाई द्वारा अनुपालन आख्या अविलम्ब करने की बात कही गयी। |

## **भाग-IV**

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

................................ शून्य ...................................

**भाग-V**

**आभार**

**1).** कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून, लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु **कार्यालय, जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः-

**अप्रस्तुत अभिलेख: शून्य**

**2). सतत् अनियमितताएः** शून्य

**3).** लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया :

| नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| श्री वाई. एस. रावत | जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत | विगत लेखापरीक्षा से 08.01.2015 तक |
| श्री संजीव कुमार पौरी | जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत | 9.01.15 से 28.06.15 |
| श्रीमति अनुभा जैन | जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत | 29.06.15 से 21.08.17 |
| श्री राजेन्द्र कुमार पन्त | जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत | 22.08.2017 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका, उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **कार्यालय, जिला सेवायोजन अधिकारी, चम्पावत** को इस आशय से प्रेषित कर दी गयी, जिसकी प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन आख्या सीधे "उप-महालेखाकार/ सामाजिक क्षेत्र, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखंड, महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून 248195 " को प्रेषित कर दी जाय।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सामाजिक क्षेत्र**